नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.10.2020

- नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा "मिशन शक्ति" के अन्तर्गत सखी महोत्सव का आयोजन गाँधी भवन समागर में किया गया। जिसमें महिला कर्मियो/अधिकारियो का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण तथा महिला सुरक्षा,सम्मान एवं स्वालम्बन पर विभिन्न ज्ञानात्मक एवं मनोरंजनात्मक प्रतियोगिताये आयोजित की गई।
- विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 18.10.2020 को मो0 महमानशाह दलित मलिन बस्ती में सांसद महोदय श्री अरूण कुमार सागर एवं अपर नगर आयुक्त महोदय की उपस्थिति में चलाया गया विशेष सफाई अभियान एवं स्वच्छता के सम्बन्ध में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान के अन्तर्गत नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

- नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा "मिशन शक्ति" के अन्तर्गत सखी महोत्सव का आयोजन गाँधी भवन समागर में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी 300 महिलाओ से विभिन्न समूह बनाकर प्रत्येक समूह द्वारा महानगर की स्वच्छता बनाये रखने, नारी सुरक्षा,सम्मान,स्वालम्बन, कूड़ा पृथक्करण, ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन,कोरोना के विरूद्ध जनजागरूकता एवं मिशन शक्ति से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के मनोरंजनात्मक खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। खेलकूद के अन्तर्गत वैलून, नीबू–चम्मच,रिंग,बताशे आदि विभिन्न प्रतियोगिताओ द्वारा महिला शक्ति को अपने अधिकारो के प्रति जागरूक किया गया। निगम द्वारा आयोजित विशेष स्वास्थ्य परीक्षण के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी,आई0एम0ए0,वरूण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं अस्थाना पैथ–लैब के सहयोग से विभिन्न कुशल डाक्टरो द्वारा कैम्प लगाकर महिलाओ का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं दवाओ का निःशुल्क वितरण किया गया। मा0 मंत्री वित्त,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में विशेष योगदान करने वाली प्रत्येक जोन की 05–05 महिला कर्मिया को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार तथा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओ में विजयी महिला प्रतिभागियो को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इसके साथ ही मा0 मंत्री जी द्वारा कोरोना जागरूकता एवं सफाई अभियान को मिशन शक्ति से जोड़ते हुये महिलाओ से अपील की कि वह मिशन शक्ति के द्वारा अपने ताकत को पहचाने और अपनी महत्वपूर्ण भूमिका से समाज को लाभान्वित करें। मा0 मंत्री जी द्वारा महानगर के विभिन्न संगठनो (मीडिया, डाक्टर, व्यापारी, एडवोकेट,सर्राफ, प्रेस, इलेक्ट्रानिक संगठन आदि) से 02–02 स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसडर जिसमें 01 महिला को अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिये निर्देशित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला कर्मियो को लैंगिक अनुपात,महिला अधिकार बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ,महिला सशक्तिकरण आदि से अवगत कराया। इस अवसर पर जिला प्रोवेशन अधिकारी श्री वरूण राठौर द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला योजनाओ से उपस्थित महिला शक्ति को जागरूक किया गया । इस कार्यकम की रूपरेखा श्रीमती रश्मि भारती,सहायक नगर आयुक्त के द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तपिन्दर कौर द्वारा किया गया। इस कार्यकम के अवसर पर सांसद श्री अरूण कुमार सागर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र नाथ वाल्मीकि, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त,श्री एस0के0सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, श्री ओ0पी गौतम एवं मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान, समस्त सफाई एवं खादय निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 18.10.2020 को मो0 महमानशाह दलित मलिन बस्ती में सांसद महोदय श्री अरूण कुमार सागर एवं अपर नगर आयुक्त महोदय की उपस्थिति में चलाया गया विशेष सफाई अभियान एवं स्वच्छता के सम्बन्ध में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत सांसद महोदय ने क्षेत्र मे चल रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया एवं अपनी देख रेख में सफाई का कार्य कराया। स्वच्छता के सम्बन्ध में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया। इस जनसभा में लोगो से अपील की कि अपने आस–पास साफ–सफाई का ध्यान रखे, अपने घरो मे कूड़ेदानो का प्रयोग करे,सड़को को स्वच्छ रखे, घरो पर कूड़ा उठाने वाली कूड़े गाड़ी मे ही गीला–सूखा कूड़ा डाले। जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 स्वच्छता में नगर–शाहजहाँपुर को प्रथम स्थान पर लाया जा सके। इस मौके पर सांसद महोदय के साथ अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर क्षेत्रीय सफाई नायक श्री रामबाबू, क्षेत्रीय सहायक सफाई नायक श्री रमेश चन्द्र एवं क्षेत्र के गणमन्य नागरिकगण श्री दौलतराम एड0,श्री राजेन्द्र कुमार,जावेद खाँ,अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान के अन्तर्गत नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई जोन–1 में सुभाषनगर,सफाई जोन–2 मो0 बहादुरपुरा, सफाई जोन–3 मो0 गौहरपुरा, सफाई जोन–4–मो0 महमानशाह,सफाई जोन–5 मो0 अहमदपुर रेतीं। इन स्थानो पर श्री पवन कुमार,श्री हरवंश दीक्षित,श्री राजमंगल,श्री चन्द्रवीर सागर, एवं सुनील शाक्या, सफाई निरीक्षको तथा सफाई नायको के नेतृत्व में वृहद सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 18. 10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने, मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक करने के साथ–साथ साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थाना, पार्को, खाली प्लाटो एवं सड़को के किनारे पड़े पर कूड़े को प्राथमिकता के आधार पर साफ कराया जा रहा है।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।.
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग को रोकने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर